भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. †*232
सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**आंध्र प्रदेश के कोनासीमा में पर्यटन का विकास**

**†*232. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश के डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा जिले में चिह्नित और प्रचारित किए गए पर्यटन स्थलों का पारि-पर्यटन, नदी पर्यटन, तटीय पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत पर्यटन सहित श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केन्द्रीय पर्यटन योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत उक्त जिले में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए आवंटित और जारी की गई तथा उपयोग में लाई गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान जिले में दर्ज की गई घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त जिले में पर्यटन की संभावना बढ़ाने हेतु कनेक्टिविटी, सुविधाओं, आजीविका से जुड़े पर्यटन और निजी क्षेत्र की भागीदारी में सुधार लाने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा आंध्र प्रदेश के कोनासीमा में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*232 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं, जैसे - 'स्वदेश दर्शन', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत एक पहल 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' आदि के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को, योजना दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर तथा निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन देश में पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है। डॉ. बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा जिले में विकास कार्य सहित आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद नामक योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)- वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' नामक अपनी पहल के तहत वर्ष 2024-25 में आंध्र प्रदेश राज्य में 77.91 करोड़ रुपये की लागत से 'गंडीकोटा में फोर्ट और गॉर्ज का बेहतरीन अनुभव' और 94.44 करोड़ रुपये की लागत से 'राजा महेंद्रवर्मन में अखंड गोदावरी (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट)' नामक परियोजनाओं को मंजूरी दी।

पर्यटन मंत्रालय वेबसाइट, कार्यक्रमों, सोशल मीडिया आदि जैसे विभिन्न प्रचार संबंधी साधनों के माध्यम से आंध्र प्रदेश में स्थित पर्यटन स्थलों एवं उत्पादों सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में दर्ज की घरेलू और विदेशी पर्यटकों के आगमन की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **घरेलू** | **अंतरराष्ट्रीय** | **कुल** |
|---|---|---|---|
| 2023 | 1,22,57,873 | 403 | 1,22,58,276 |
| 2024 | 1,16,99,706 | 469 | 1,17,00,175 |
| 2025 | 1,44,75,779 | 525 | 1,44,76,304 |

आंध्र प्रदेश सरकार ने यह भी सूचित किया है कि उसने कनेक्टिविटी और पर्यटन सुविधाओं में सुधार, आजीविका-आधारित पहलों और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देकर डॉ. बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा जिले में पर्यटन क्षमता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सड़क संपर्कता को राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य राजमार्ग के नेटवर्क के माध्यम से मजबूत किया

गया है और प्रमुख स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना तथा पर्यटक सुविधाओं का नियमित रखरखाव और उन्नयन किया जा रहा है।

पर्यटकों को उत्तम आवास, रेस्तरां और पर्यटन सेवाएं प्रदान करने के लिए डिंडी स्थित हरिथ रिज़ॉर्ट का रखरखाव और संचालन आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाता है। समुदाय-आधारित पर्यटन और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने के लिए, आंध्र प्रदेश सरकार ने कोनासीमा क्षेत्र में 150 से अधिक घरों को होमस्टे के रूप में विकसित करने के लिए चिह्नित किया है, जिसमें घर के मालिकों के लिए सुग्राहीकरण कार्यक्रम और बुनियादी प्रशिक्षण का आयोजन भी शामिल है।

इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश सरकार वर्ष 2024-29 की आंध्र प्रदेश पर्यटन नीति संबंधी पहलों, होमस्टे के संवर्धन, नौका विहार संचालन, पर्यटन संबंधी सेवाओं आदि के माध्यम से निजी भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही है। आंध्र प्रदेश सरकार इस जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन भी करती है और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया पर प्रचार भी करती है।

*****

**अनुबंध**

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा आंध्र प्रदेश के कोनासीमा में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*232 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**(i) आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | जारी/प्राधिकृत राशि | उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरू - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास (इसमें पासरलापुडी में 2.68 करोड़ रुपये, अडुरू में 3.87 करोड़ रुपये, एस यानम में 0.57 करोड़ रुपये और कोटिपल्ली में 2.06 करोड़ रुपये की स्वीकृत परियोजनाएं शामिल हैं) | 67.83 | 67.83 | 67.83 |
| 2. | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमडुगु जलप्रपात - नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 | 49.55 |
| 3. | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालिहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 | 30.02 | 30.02 |
| **कुल** | | | **152.62** | **147.4** | **147.4** |

**(ii) आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृत राशि | उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच अनुभव का विकास | 97.52 | 9.75 |
| 2. | 2023-24 | अरक्कु-लम्बासिंगी | अरक्कु में बोरा केव अनुभव | 29.88 | 2.99 |
| **कुल** | | | | **127.4** | **12.74** |

**(iii) आंध्र प्रदेश राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती शहर, गुंटूर जिले का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 27.77 |
| 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 43.08 |
| 3. | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारीदेवस्थानम | 2022-23 | 54.04 | 27.37 | 27.37 |
| 4. | अन्नावरम मंदिर नगर में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 6.74 | 0.00 |
| **कुल** | | | **150.22** | **104.96** | **98.22** |

**(iv) आंध्र प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **श्रेणी** | **स्वीकृत राशि** | **उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का बेहतरीकरण | नागार्जुन सागर (संस्कृति और विरासत) | 25.00 | 2.50 |
| 2. | 2024-25 | आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम का विकास | अहोबिलम मंदिर (आध्यात्मिक पर्यटन) | 24.99 | 2.50 |
| **कुल** | | | | **49.99** | **5.00** |

*****